T: +91 70820 10005/06, 0171 - 2541001/04 | E: poojasarees@gn
MONDAY CLOSED

इंडिया इम्पैक्ट | रविवार, 18 अगस्त 2024 | वर्ष -2 D.Edition 0750 | हरियाणा

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन

इंद्री 17 अगस्त (मैनपाल कश्यप) शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया गया, जो 14 अगस्त से 18 अगस्त तक चलेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ चंचल रानी ने की, जबकि मुख्य वक्ता प्रदीप भारतीय रहे। एंटी रैगिंग के कन्वीनर डॉ रणवीर सिंह ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

डॉ चंचल रानी प्राचार्य ने कहा कि-रैगिंग एक गंभीर समस्या है जो छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। हमें इस समस्या के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहिए और अपने कॉलेज में एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में किसी भी विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग की शपथ दिए बगैर एडमिशन नहीं दिया गया है ।प्रदीप भारतीय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग एक अपराध है और हमें इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। हमें छात्रों को जागरूक करना चाहिए और उन्हें रैगिंग के प्रभावों के बारे में बताना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ रणबीर सिंह एंटी रैगिंग कन्वीनर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि -हमें रैगिंग के खिलाफ एक मजबूत अभियान चलाना चाहिए और छात्रों को इसके प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए। हमें अपने कॉलेज में एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल बनाने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि कभी भी राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800-180- 5522 पर भी अपनी शिकायत दर्ज कर के खुद को और महाविद्यालय के दूसरे छात्रों को सुरक्षित महसूस किया जा सकता है ।

इंडिया इम्पैक्ट
जल
ही जीव

HE
SARE
7

SARANGA

जब मौका हो एक,चुनो सिर्फ
देश का नं.1-अल्ट्राटेक